हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

11 अतिक्रमण के खिलाफ राजदरबार स्पेसेज में...



12 महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में स्किल हब...



## गुजवि प्रकरण में गिरफ्तार नेताओं ने मानवाधिकार आयोग में भेजी शिकायत

**शिकायत में पुलिस की कार्रवाई पर उठाए गंभीर सवाल, जांच की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुजवि प्रकरण में 16-17 अप्रैल की रात को जजपा नेताओं व उनके परिजनों से हुए कथित दुर्व्यवहार व पुलिस कार्रवाई का मामला अब राज्य मानवाधिकार आयोग में पहुंच गया है। शिकायतकर्ता जजपा नेता एवं विजय नगर निवासी गौरव सैनी, मुलतानी चौक निवासी रविन्द्र कुमार, प्रीति नगर निवासी तरुण गोयल, दुर्जनपुर निवासी बिजेन्द्र धानक, सेक्टर 9-11 निवासी जितेन्द्र श्योराण ने राज्य मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया।

शिकायत के अनुसार, एक मामले की जांच के संदर्भ में पुलिस टीमों ने आधी रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर उनके घरों की तलाशी ली। उनका कहना है कि कार्रवाई के समय पर्याप्त औपचारिकताएं पूरी नहीं की गईं और बिना पूर्व सूचना के घरों में प्रवेश किया गया।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, जिन व्यक्तियों के यहां कार्रवाई की गई, उनमें से कुछ का नाम संबंधित एफआईआर में सीधे तौर पर दर्ज नहीं था। इसके बावजूद उन्हें पूछताछ के दायरे में लिया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि तलाशी के समय आवश्यक प्रक्रिया जैसे महिला पुलिसकर्मी की उपस्थिति और नोटिस देने जैसी औपचारिकताएं पूरी नहीं की गईं व परिवारों की महिलाओं से दुर्व्यवहार किया गया। आरोप है कि इस पूरी घटना से उन्हें मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा है। उन्होंने राज्य मानवाधिकार आयोग से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

### जेजेपी ने जारी किया एक और वीडियो

■ सीसीटीवी फुटेज में हाथ में पिस्तौल लेकर जेजेपी नेता रवि आहुजा के घर में घुसता दिखा पुलिस कर्मी

हिसार। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विवाद और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का काफिला रोकने के मामले में मंगलवार को जेजेपी ने एक सीसीटीवी वीडियो जारी किया है। वीडियो में 17 अप्रैल की सुबह 3 बजकर 57 मिनट पर पुलिस कर्मचारी हाथ में पिस्तोल लेकर जेजेपी के हिसार से जिला प्रवक्ता रवि आहुजा के घर में दाखिल होते दिखाई देता हैं। वर्ष 2024 में हिसार से जेजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले रवि आहुजा उर्फ रविंद्र कुमार ने सोशल मीडिया में डाली अपनी एक पोस्ट में कहा कि मैं आम व्यापारी हूं। न मेरे खिलाफ केस, न एफआईआर, न शिकायत। फिर भी रात को पिस्टल में गोलियां भरकर मेरे घर में पुलिस घुसी। ऐसा लगा एनकाउंटर करने वाले हैं। मेरे ऊपर बंदूक तानने वाला वही पवन कुमार, जिसने फर्जी नंबर प्लेट की गाड़ी में दिनदहाड़े सड़क पर गुंडागर्दी दिखाई। उधर, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने रवि आहुजा की पोस्ट को शेयर कर लिखा कि हरियाणा के हालात देखिए। एक आम नागरिक को सुबह 4 बजे गन लोड करके पुलिस कस्टडी में लेने पहुंचती है। उस व्यक्ति पर आज तक कोई पर्चा नहीं है। ऐसे में न्याय की क्या उम्मीद की जाए? हरियाणा सरकार से तो बिल्कुल भी नहीं।

### खबर संक्षेप

#### 10 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**हिसार।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग पंचकूला द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम/उप-चुनावों के संचालन के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जबकि मतदान की प्रक्रिया 10 मई को होगी। मतगणना मतदान के तुरंत बाद की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान 12 मई को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) महेंद्र पाल ने बताया कि 10 मई को मतदान के दिन श्रमिकों एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सुविधा प्रदान करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 173 ए तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 बी के अंतर्गत लागू होगा।

#### खेदड़ से अवैध पिस्तौल व कारतूस समेत एक काबू

**बरवाला।** सीआईए बरवाला टीम ने गांव खेदड़ से एक व्यकित को अवैध पिस्तौल 315 बौर व एक कारतूस सहित काबू किया है। प्रभारी सीआईए बरवाला पीएसआई प्रदीप ने बताया कि उनकी टीम के एएसआई सुरजभान अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल के दौरान गांव खेदड़ में मौजूद थे। एएसआई ने पुलिस कर्मियों की सहायता से एक युवक को शक की बिनाह पर काबू उसके पास एक अवैध पिस्तोल व कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सूरज निवासी खेदड़ के रुप में हुई । आरोपी के खिलाफ थाना बरवाला में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### नगर निगम की टीम ने पकड़े 30 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने अर्बन एस्टेट-2, सूर्य नगर, सेक्टर 27-28, सातरोड़, शिव कॉलोनी के आस-पास क्षेत्र से 30 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गो-अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

#### बाजारों व मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को अभियान की शुरुआत पुरानी ऑटो मार्केट से अतिक्रमण हटवाकर की। इसके बाद टीम ने मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए टीम ने पड़ाव चौक स्थित स्कूल के पास अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान उन्होंने मार्केट की दुकानदारों को सामान अपनी दुकान की परिधि में रखने के लिए कहा। इसके अलावा टीम रेलवे रोड से अतिक्रमण हटाया। टीम ने बस स्टैंड से सिरसा रोड चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

#### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 8 के चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएआई रोहित ने श्यामलाल बाग व सुन्दर नगर क्षेत्र में चार दुकानदारों के द्वारा कचरा सेग्रीगेंशन न करने पर चालान किए। इसके अलावा विजेता ने राजगुरु मार्केट में तीन दुकानदारों के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन ने करने पर चालान किया। एएसआई कपिल, एएसआई प्रवीण ने सेक्टर 16-17 कम्युनिटी सेंटर के पास एक व्यक्ति के द्वारा कचरा सेनीग्रेशन न करने पर उसका चालान किया।

### नहीं थम रहा नशे से मौतों का सिलसिला, ओवरडोज से एक और घर का चिराग बुझा

# गुजवि के सामने विकास नगर के पीजी में नशे से लैब टेक्नीशियन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान के बावजूद नशे के कारण युवाओं की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के सामने विकास नगर के एक पीजी में सोमवार की देर रात नशे के ओवरडोज के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक 23 वर्षीय युवक मोहित जिला भिवानी के लोहारू क्षेत्र के गांव ढाणी जोगी का रहने वाला है। जिस समय मोहिल मृत हालात में मिला उसके हाथ में सीरिंज लगी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और छानबीन शुरू कर दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इस मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की है। मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मोहित एक लैब में लैब टेक्नीशियन का कार्य करता था। उसने हिसार के एक शिक्षण संस्थान से डिग्री की थी। अपने सर्टिफिकेट लाने के लिए मोहित सोमवार को यहां आया हुआ था। सर्टिफिकेट लेने के बाद वह अपने दोस्त के पास विकास नगर स्थित पीजी पर पहुंच गया वहां रात को उसने सीरिंज से नशे की डोज ली। ओवरडोज के कारण मोहित की मौत हो गई। उसके दोस्त ने ही परिजनों व पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार जब वे पीजी पर पहुंचे तो मोहित के हाथ में सीरिंज लगी हुई थी और उसकी मौत हो चुकी थी। मोहित इकलौता बेटा था।

### जानें...नशे से कब, कहां और कौन-कौन गंवा चुके हैं जान




■ 20 जनवरी 2026: सातरोड़ गांव के 23 वर्षीय विशाल का शव गांव के ही स्वर्ण जयंती पार्क के पास पड़ा मिला। पुलिस को उसके शरीर पर इंजेक्शन के निशान मिले।

■ 11 अक्टूबर 2025 को अंबेडकर बस्ती के पास झाड़ियों में महाबीर कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय मोहित का शव बरामद हुआ। युवक के पास से नशे के इंजेक्शन मिल थे।

■ 17 सितंबर को सेक्टर 16-17 में विश्वासपुरम के पास रजवाहे के सामने झाडियों में एक युवक का शव मिला। बाद में उसकी पहचान न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन के 30 वर्षीय शुभम के तौर पर हुई। वह नशा करने का आदी था और उसके हाथ पर टीका लगाने के निशान मिले थे।

■ 1 सितंबर को एंबुलेंस स्टाफ ने रायपुर रोड रेलवे फाटक से दिल्ली हाइवे के निकट मसूदपुर के अशवीर का शव मिला था। बताया गया है कि उसकी मौत चिट्टे का सेवन करने के कारण हुई।

■ 13 अगस्त को आदमपुर क्षेत्र के जवाहर नगर के रहने वाले युवक अजय भारत कॉटन मिल के पास में बेहोशी की हालात में मिला था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी। उसके भाई सन्नी के अनुसार अजय नशे का आदी थी व उसकी नशे से मौत हो गई।

■ सेक्टर 16-17 के रेलवे ओवरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक के साथ में 24 जून को बड़वाली ढाणी के 30 वर्षीय दिनेश कुमार का शव पड़ा मिला। उसकी मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई।

■ शहर के कुम्हारान मोहल्ले के सतबीर का शव 23 जून को पुरानी सब्जी मंडी के पास खंडहर दुकान में मिला था। उसके दाएं हाथ में सीरिंज लगी हुई थी। नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई थी।

■ रायपुर रोड पर रेलवे फाटक के पास 4 जून को राजली गांव के नवीन कुमार का शव पड़ा मिला था। नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई थी। शव के पास 2 सीरिंज पड़ी मिली थी।

■ पुलिस ने 2 जून को सुबह तोशाम रोड पर आधार अस्पताल के पास से एक कार के अंदर से सैक्टर-15 के सिद्धार्थ का शव कब्जे में लिया था। सिद्धार्थ की मौत नशे में कार के शीशे बंद करने के कारण हुई थी।

■ 27 मई को हांसी शहर में अलग-अलग जगह दो युवकों के शव पड़े मिले। ढाणी राजू रोड पर कब्रिस्तान में करीब 25-26 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। युवक के दाहिने हाथ में एक सीरिंज भी लगी हुई मिली है। मृतक की पहचान गांव रिछपुरा के शुभम के रूप में हुई थी। उधर, अनाज मंडी के पास दुकान के खाली प्लॉट में एक युवक का शव मिला। मृतक रोहित शहर के गंजा बाग एरिया का रहने वाला था। रोहित की मौत का कारण ज्यादा नशा करना बताया गया था।

■ आदमपुर थाना पुलिस ने 4 मई को सीसवाल गांव के पवन कुमार का शव स्कूल के कमरे से कब्जे में लिया था। वह सैलून संचालक था और नशे की ओवरडोज के कारण उसकी मौत हुई थी।

#### शहर में ये हैं नशा बिक्री के प्रमुख अड्डे

नागरिक अस्पताल के बैक साइड की अंबेडकर बस्ती और गांव पीरांवाली नशीले पदार्थों की बिक्री के अड्डे हैं। साथ ही मिलगेट एरिया की विश्वकर्मा कॉलोनी में नशा बिकता है। अंबेडकर बस्ती और विश्वकर्मा कॉलोनी में तो कुछ महिलाएं भी नशीले पदार्थों की तस्करी करती हैं। कुछ महिलाओं पर तो केस भी दर्ज हैं। अंबेडकर बस्ती में समय समय पर पुलिस तलाशी अभियान चलाती रहती है। मगर नशे की बिक्री पर रोक नहीं लग रही है।

## क्षेत्र विवाद में उलझी झगड़े में घायल मरीजों की एमएलआर

■ करीब तीन घंटे के बाद हुआ इलाज और इसके बाद काटी गई एमएलआर



नारनौंद। सरकारी अस्पताल में घायलों का इलाज करते डॉक्टर।

**नारनौंद।** गांव बास आजमशाहपुर में झगड़े में घायल हुए मां और बेटा जब इलाज के लिए खांडा खेड़ी के सरकारी अस्पताल में पहुंचे तो उनको नारनौंद के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने मना कर दिया कि यहां एमएलआर नहीं काटी जाएगी। विवाद को बढ़ता देखकर तीन घंटे के इंतजार के बाद उनका इलाज शुरू हुआ और एमएलआर काटी गई। एरिया के चक्कर में काफी लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। गांव बास आजम शाहपुर निवासी अशोक ने बताया कि मंगलवार की सुबह आपसी विवाद के कारण झगड़ा हो गया था। उसमें मेरी माता संतोष ओर अशोक को चोट लगी थी। घायल अवस्था में वे इलाज के लिए खांडा खेड़ी के सरकारी अस्पताल में पहुंचे। वहां पर डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं पहुंचा था। डॉक्टर की ड्यूटी सुबह 9 बजे से शुरू होती है। हालत खराब होने की वजह से उनको वहां से नारनौंद के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वे सुबह 8 बजे नारनौंद के अस्पताल में पहुंच गए थे। दोनों की पर्ची भी कटवा ली थी। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने कहा कि यहां पर एमएलआर नहीं करेगी। आपका एरिया खांडा खेड़ी अस्पताल में आता हैं। वही जाना होगा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। काफी देर बहस के बाद डॉक्टर एमएलआर काटने पर राजी हुए और दोनों घायलों का इलाज शुरू किया।

#### मेरे आने से पहले ही कर दिया था रेफर : डॉ. सिहाग

खांडा खेड़ी सीएचसी के डॉ. अंकित सिहाग ने बताया कि उसकी ड्यूटी सुबह 9 से शुरू होती हैं। उसके आने से पहले ही घायलों को रेफर कर दिया गया था। इलाज और एमएलआर काटने की जिम्मेदारी उनकी बनती हैं। पहले भी काफी बार वहां से मरीजों को ये कहकर भेज दिया जाता हैं कि एरिया हमारा नहीं है। जिनकी गलती है।

#### एमएलआर काट दी है, अब कोई विवाद नहीं : डॉ. बिट्टू

नारनौंद नागरिक अस्पताल के डॉ. बिट्टू ने बताया कि उनको सूचना मिलते ही वे तुरंत ही इमरजेंसी में पहुंच गए थे। घायलों का इलाज करके उनकी एमएलआर काट दी गई है। अब कोई विवाद नहीं है।

## मिल में भट्टी फटने से झुलसे एक और मजूदर ने दम तोड़ा

■ जिंदल रोलिंग मिल में हुए हादसे में मरने वालों की संख्या दो हुई, तीन की हालत गंभीर

**हिसार।** दिल्ली रोड स्थित जिंदल रोलिंग मिल में स्क्रैप गलाने वाली भट्टी फटने से झुलसे एक और मजदूर की मौत हो गई है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी शिवशंकर ने उपचार के दौरान मंगलवार को निजी अस्पताल में दमतोड़ दिया। इस तरह हादसे में मरने वालों को आंकड़ा 2 पर पहुंच गया है। हादसे में 3 और मजदूर को भी हालत चिंताजनक बताई जाती है। बता दें कि गंभीर रूप से घायल हुए सातरोड निवासी 26 वर्षीय विशाल ने इलाज के दौरान दमतोड़ दिया। बता दें कि 11 अप्रैल को शाम 4 बजे जिंदल रोलिंग मिल में हादसा हो गया था। मिल में मजदूर बॉयलर में गलाने के लिए स्क्रैप डाल रहे थे। स्क्रैप में एलपीजी सिलेंडर भी था। जैसे ही एक मजदूर ने बॉयलर में सिलेंडर डाला तो जोरदार धमाका हुआ। धमाके के साथ पिघला हुआ स्क्रैप बॉयलर के पास काम कर रहे 5 मजदूर सातरोड निवासी विशाल, उत्तर प्रदेश का गोरखपुर हाल जिंदल रोलिंग मिल निवासी शिवशंकर, नेपाल व हाल जिंदल रोलिंग मिल निवासी तारा बहादुर, राजस्थान के चुरू हाल सातरोड निवासी हरिराम और उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर हाल जिंदल रोलिंग मिल निवासी सूरजबली इसकी चपेट में आ गए। अस्पताल में उपचाराधीन मजदूर विशाल की रविवार मौत हो गई, जबकि सोमवार की देर सायं शिवशंकर की भी दमतोड़ दिया। उधर, पुलिस प्रवक्ता एएसआई मदन लाल के अनुसार इस मामले में कार्रवाई करते हुए मिल मालिक योगराज जिंदल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एआईयूटीयूसी ने मिल हादसे में दो मजदूर की मौत व अन्य मजदूरों के झुलसने पर दुःख व्यक्त किया है।

## घरेलू कलह में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की खुदकुशी

**हिसार।** घरेलू कलह के चलते चंदन नगर में सोमवार की देर सायं एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

बताया जाता है कि मृतक 23 वर्षीय सुनील चंदन नगर में रहता था और मजदूरी का काम करता था। कुछ दिनों से सुनील और उसकी पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी कारण सोमवार शाम को उसने अपनी मां के सामने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पहले तो उसकी मां ने सोचा कि वह दर्द की गोली खा रहा है, लेकिन जब उसकी हालत बिगड़ी तो उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

**जींद रोड पर हादसा ट्रक को छोड़ मौके से भागा चालक**

## ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दूर तक घसीट ले गया ट्रक, किसान की मौत

■ सड़क से नीचे उतरकर गड्ढों में जा पलटा अनियंत्रित ट्रैक्टर, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जींद-हांसी रोड स्थित गंगनखेड़ी गांव के समीप मंगलवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा गंगनखेड़ी बस स्टैंड के पास पीर बाबा स्थल के नजदीक हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने तूड़ी से भरे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पाली गांव निवासी 50 वर्षीय रतन सिंह के रूप में हुई है। हादसे के बाद ट्रक चालक अपने वाहन को मौके पर छोड़ वहां से फरार हो गया। सूचना मिलने पर शेखपुरा पुलिस चौकी सहित सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पवित्र कुमार पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और घायल ट्रैक्टर चालक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहां पुलिस ने मृतक रतन सिंह के बेटे शिवकुमार के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक ट्रैक्टर को कई फीट तक घसीटता हुआ ले गया। और उसके बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क से नीचे उतरकर गड्ढों में जाकर पलट गया और ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।





हांसी। टक्कर के बाद सड़क किनारे पलटा ट्रैक्टर व इनसेट में मृतक रतन सिंह का फाइल फोटो।

#### तूड़ी भरकर बेचने आ रहा था हांसी

नागरिक अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि रतन सिंह सोमवार सुबह अपने घर से ट्रैक्टर ट्राली में तूड़ी भरकर उसे बेचने के लिए हांसी की ओर आ रहा था। इसी दौरान जींद की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी। मृतक रतन सिंह 7 बच्चों का पिता था, जिनमें 5 बेटियां और 2 बेटे शामिल हैं।

#### दो महीने में ही 7 बच्चे हुए अनाथ

मृतक के बेटे शिव ने बताया कि उनकी माता का दो महीने पहले ही निधन हुआ था और परिवार अभी उस दुख से उबर भी नहीं पाया था कि अब यह हादसा हो गया। दो महीने के अंतराल में 7 बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया और सातों बच्चे अनाथ हो गए। अस्पताल में पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग की, ताकि छोटे बच्चों का पालन-पोषण हो सके।

### पटाक्षेप

**बॉडी बिल्डिंग में पदक जीतने पर गांव में मान-सम्मान न करने पर किया था वीडियो वायरल**

## सम्मान नहीं होने पर विवाद के बाद पदक विजेता खेड़ी जालब के बॉडी बिल्डिंग खिलाड़ी ने गांव में मांगी माफी

**मेरी सोच छोटी थी गांव वालों ने मेरे बारे में कुछ बड़ा सोच रखा था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हांसी जिले के गांव खेड़ी जालब में बॉडी बिल्डिंग में पदक जीतने पर खिलाड़ी ने वीडियो वायरल करके ग्रामीणों पर आरोप लगाया कि उसका गांव में मान सम्मान नहीं किया गया। अब खिलाड़ी अपने बयान से पलटते हुए गांव कि पंचायत में अपनी करनी पर अहसास हुआ। बोला कि मेरी सोच छोटी थी और गांव वालों ने मेरे बारे में कुछ बड़ा सोच रखा था। मेरी नादानी की वजह से ही मामला ज्यादा बढ़ गया था। जोकि पंचायत में अब यह विवाद सुलझ गया है।

इसी विवाद को गांव की चौपाल में शेरा सिंह की अध्यक्षता में पंचायत आयोजित की गई। इसमें गांव के सरपंच युद्धवीर सिंह, रामनिवास खेड़ी, पूर्व सरपंच सुरेश शर्मा, परसा राम, करतारा, मान सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि गांव खेड़ी जालब के बॉडी बिल्डिंग खिलाड़ी राहुल एक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव में पहुंचा था। आनन फानन में उसका स्वागत का कार्यक्रम किया गया। गेहूं की फसल का काम होने के कारण गांव के कम लोग ही कार्यक्रम में पहुंच पाए थे। इससे आहत होकर राहुल ने एक भावुक वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो वायरल के बाद सोशल मीडिया पर उसकी काफी वीडियो बनाकर डाली गई।

इसके कारण गांव में विवाद के आसार पैदा हो गए थे। गांव के मौजिज लोगों ने सूझ बूझ दिखाते हुए पूरे मामले को पंचायत में सुलझा दिया। गांव की पंचायत में खिलाड़ी राहुल व उसके परिवार के लोग भी पहुंचे। खिलाड़ी का पहले भी मेडल जीतने पर स्वागत किया गया था और अब भी काम के सीजन के बाद कुछ बड़ा आयोजन होना था। लेकिन कुछ यूट्यूबर ने इस मामले को और भी ज्यादा तूल देने का काम किया। उनको भी भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई है।



नारनौंद। गांव खेड़ी जालब में आयोजित पंचायत में ग्रामीण।

#### गलती से नादानी में वीडियो बनाई : राहुल

खिलाड़ी राहुल ने पंचायत में आकर सबके सामने गलती का अहसास करते कहां की उससे गलती हुई हैं। वह कंपटीशन जीत कर आया था। गलती से नादानी में वीडियो बनाई गई और वह ज्यादा वायरल हो गई। इसके कारण गांव की बदनामी हुई। उसको गांव की तरफ से हर समय पूरा साथ मिला है। सुख-दुख में हमेशा गांव के लोग साथ खड़े रहते हैं। भविष्य में भी गांव के लोगों का साथ मिलता रहे इसके लिए मुझसे जो गलती हुई है। उसका एहसास हो गया है। भविष्य में अब कभी गलती नहीं होगी।

## अफीम सप्लायर गिरफ्तार दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला पुलिस क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सीआईए-1 हांसी टीम ने एक नशा सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लाल सड़क निवासी राजेश के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

अनुसंधानकर्ता एएसआई राकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने 16 अप्रैल को उमरा रोड़ नहर पुलिया के पास से जगदीश कॉलोनी निवासी रमन को 114 ग्राम नशीला पदार्थ अफीम एवं 2100 रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार आरोपी संदीप को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, रिमांड के दौरान उसने मुख्य सप्लायर के रूप में लाल सड़क निवासी राजेश का नाम उजागर किया। इसी आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब मुख्य सप्लायर को भी काबू कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर नशा तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं एवं संभावित नेटवर्क के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।



## हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

लाइफ Style



# दिशा

## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

हॉलीवुड मसाला



## सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



## नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



## सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



## है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

टीवी मसाला



## कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

### घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे



पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

## कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

## मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

### बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

## एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

*नई दिल्ली। 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## खबर संक्षेप

### नपा चुनावः पहले दिन नहीं हुआ कोई नामांकन

**उकलाना।** नगर पालिका चुनाव 10 मई को होना निश्चित है। उकलाना नगर पालिका के तहत अध्यक्ष पद तथा 16 पार्षदों के लिए चुनाव होगा। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन मंगलवार को एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन उपमंडल अधिकारी अश्वीर नैन द्वारा लिए जा रहे हैं। वहीं, चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशन में पार्षदों के लिए अलग से नामांकन पत्र लिए जा रहे हैं तथा अध्यक्ष पद के लिए अलग से नामांकन की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी प्रत्याशी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के लिए चुनाव चिन्ह आरक्षित रखे गए हैं, जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए अनेक चुनाव चिन्ह चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं।

### मतदान से एक दिन पहले शराब बिक्री पर प्रतिबंध

**हिसार।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग पंचकूला ने पंचायत राज संस्थाओं के सामान्य एवं उपचुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होगी, जबकि मतदान 10 मई को होगा। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर पुनर्मतदान 12 मई को कराया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) महेंद्र पाल ने बताया कि आयोग ने चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव संबंधित क्षेत्रों में ड्राई-डे घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत मतदान से एक दिन पहले और मतदान के दिन शराब की बिक्री, परोसने और वितरण पर पूरी तरह रोक रहेगी। जारी निर्देशानुसार सभी शराब की दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, क्लब और अन्य संस्थान इन दिनों शराब की बिक्री या सेवा नहीं करेंगे। इसके अलावा लाइसेंस प्राप्त प्रतिष्ठानों को भी शराब परोसने की अनुमति नहीं होगी।

### आर्मी स्कूल में हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**हिसार।** आर्मी पब्लिक स्कूल में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों, शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने अभिभावकों को विद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक मानकों, मूल्य आधारित शिक्षा, सह-शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की प्रगति से जुड़ी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देते हुए साइकिल से विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों को हेलमेट भी वितरित किए गए तथा उन्हें सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने एक होटल से अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अलग-अलग ब्रांड के शराब के पव्वे व बोतल बरामद हुई। अग्रोहा थाना प्रभारी प्रवेश ने बताया कि आरोपी की पहचान अशोक कुमार निवासी नंगथला के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार कि शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी धरा

**हांसी।** शहर पुलिस ने चैक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी को फतेहाबाद बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के केसरी सिंहपुर भोमाराम के रूप में हुई है। यह जानकारी देते हुए एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि पकड़ गया आरोपी चेक बाउंस मामले में अदालत में पेशी के दौरान लगातार गैर-हाजिर चल रहा था। इस पर न्यायालय द्वारा 16 दिसंबर 2025 को आरोपी को उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। इसके बाद से पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश के दौरान उसे फतेहाबाद बस स्टैंड से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## विधेयक को पारित होने में विपक्ष ने जानबूझकर बाधाएं डाली : डॉ. गुप्ता

*पूर्व मंत्री डॉ. गुप्ता ने भाजपा कार्यालय में सुनी लोगों की समस्याएं*

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पूर्व मंत्री ने विपक्ष को घेरा



हिसार। भाजपा कार्यालय में समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। डॉ. गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष की भूमिका की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जिससे महिलाओं को आरक्षण के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का सशक्त अवसर मिलता। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित होने में जानबूझकर बाधाएं उत्पन्न कीं, जिससे महिलाओं को मिलने वाले अधिकारों में विलंब हुआ।


**भाजपा कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम**

उन्होंने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के कारण देश की महिला शक्ति इस महत्वपूर्ण अवसर से वंचित रह गई। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और महिलाओं को सशक्त किए बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। ऐसे में विपक्ष का यह रवैया महिलाओं के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है। डॉ.गुप्ता ने विपक्ष से आग्रह किया कि वह राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर महिलाओं के हित में सकारात्मक भूमिका निभाए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचन्द्र गुप्ता, लोकेश असीजा, दीपक अग्रवाल, अशोक मित्तल, प्रोमिला पूनिया, अनुज जैन, अनिल गोदारा, प्रवीण नारंग, दीनदयाल गोरखपुरिया, राजेंद्र सपड़ा, धर्मवीर पानू, जय भगवान लाडवाल, विनोद तोशावाड़ आदि मौजूद रहे।

### महिला आरक्षण के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही भाजपा सरकार : चंद्रप्रकाश



चंद्रप्रकाश, विधायक, आदमपुर।

■ सरकार की नीयत सही होती तो महिला आरक्षण लागू होने में कोई अड़चन नहीं आती

**हिसार।** लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम नारी शक्ति वंदन पारित न होने पर आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार परिसीमन और जनगणना का हवाला देकर महिला आरक्षण में जानबूझकर रोड़े अटका रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि केंद्र सरकार की नीयत सही होती तो महिला आरक्षण लागू होने में कोई अचडन नहीं आती। विधायक चंद्रप्रकाश ने स्पष्ट किया कि संसद व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के लिए वर्ष 2023 में संसद में महिला आरक्षण बिल के लिए कांग्रेस ने पूरा समर्थन दिया और यह बिल सर्वसम्मति से पारित हुआ था। सरकार को उस समय इसे तुरंत लागू करना चाहिए था लेकिन सरकार ने परिसीमन की शर्त इसके साथ जोडक़र इसे टाल दिया। उन्होंने कहा कि दरअसल कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण की समर्थक रही है और अब भाजपा गलत ढंग से प्रचार करके कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।



हिसार। अतिक्रमण पर कार्रवाई करती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

## अतिक्रमण के खिलाफ राजदरबार स्पेसेज में चला डीटीपी का पीला पंजा

**हिसार।** अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को जिला योजनाकार विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। डीटीपी ने राजदरबार स्पेसेज, सेक्टर-24 में पार्क एवं लैंडस्केप क्षेत्र के किनारे अवैध रूप से बनाई गई ग्रिल और बाउंड्री पिलर्स को जेसीबी की मदद से तुड़वा दिया। इस कार्रवाई से पहले विभाग की तरफ से संबंधित मकान मालिकों को नोटिस भी जारी किए गए थे। जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्थित लाइसेंस्ड कॉलोनी राजदरबार स्पेसेज़ में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कॉलोनी की आंतरिक सड़कों के राइट-ऑफ-वे को खाली कराना तथा स्टिल्ट फॉर भवनों में किए गए अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करना रहा। अभियान के दौरान प्रशासन की टीम ने कॉलोनी में पार्क एवं लैंडस्केप क्षेत्र के किनारे अवैध रूप से बनाई गई ग्रिल और बाउंड्री पिलर्स को तोड़कर हटाया। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने और निर्धारित मानकों को लागू करने के लिए की गई है।

## पूर्व सीएम ने खरीद व्यवस्था पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार दोपहर बाद हांसी अनाज मंडी का दौरा कर यहां फसल खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। हुड्डा ने पत्रकार वार्ता में सरकार पर आरोप लगाया कि ढीली उठान (लिफ्टिंग) नीति के कारण किसानों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि ढीली उठान प्रकिया के पीछे सरकार की गेहूं की कम खरीद की मंशा है। और सरकार किसानों को फसल खरीद के लिए बनाए गए नियमों में उलझाकर रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 72 घंटे में किसानों को भुगतान का दावा करती है, लेकिन हकीकत में किसानों को 8-9 दिन तक भी उनकी फसल का भुगतान नहीं मिल रहा है। हुड्डा ने दावा किया कि किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम केवल कांग्रेस कर रही है। इस अवसर महिला आरक्षण बिल को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि महिला बिल वर्ष 2023 में सभी पार्टियों के समर्थन से पास हो चुका था। लेकिन भाजपा सरकार ने इसे लागू नहीं किया।



हांसी। मंडी में फसल खरीद का जायजा लेते पूर्व मुख्यमंत्री भुपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य।

### खरीद की पर्याप्त तैयारी नहीं, न उठान का प्रबंध

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं खरीद की पर्याप्त तैयारी नहीं है और न ही वेयरहाउसिंग और लिफ्टिंग की व्यवस्था सही है। इसके चलते किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी कम दाम पर अपनी फसल को मंडी के बाहर बेचने को मजबूर हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, उकलाना के विधायक नरेश सेलवाल, आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश और नारनौंद विधायक जस्सी पेटवाड़, हिसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष बजरंग दास गर्ग व कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुमन शर्मा व हांसी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राहुल मक्कड़ सहित काफी संख्या कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा ने राजस्थान को पछाड़ा

■ नेशनल सीनियर पुरुष रग्बी चैंपियनशिप में विजय अभियान जारी, फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राजगीर बिहार में चल रही नेशनल सीनियर पुरुष रग्बी चैंपियनशिप में हरियाणा टीम का विजय अभियान आज भी जारी रहा। नरेंद्र मोर, सचिव जिला संघ सोनीपत जानकारी दी कि हरियाणा टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में देश की दिग्गज टीम उड़ीसा को 14-7 स्कोर से पराजित कर सेमी फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया और सेमी फाइनल मुकाबले में राजस्थान को हराकर लगातार 15वें वर्ष बाद फाइनल में जगह बनाई है। यह इतिहास रचने वाली हरियाणा पुरुष रग्बी सेवन टीम देश की पहली टीम है।



हिसार। हरियाणा और राजस्थान के खिलाड़ी बॉल पर अपना नियंत्रण करने की कोशिश करते हुए।

### प. बंगाल ने बिहार को दी शिकस्त

मोर ने बताया कि पश्चिम बंगाल ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बिहार को 34-0 से हराकर सेमी फाइनल मुकाबले में जगह बनाई और महाराष्ट्र ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 26-0 से झारखंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और सेमी फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र ने पश्चिम बंगाल को 36-5 स्कोर से हराकर चैंपियनशिप से बाहर कर फाइनल मुकाबले में स्थान बनाया। वहीं हरियाणा ने राजस्थान को 38-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल में हरियाणा का मुकाबला रग्बी में चिर प्रतिद्वंदी महाराष्ट्र से होगा जो निसंदेह बेहद रोमांचक होने वाला है।

## वारदात के 10 घंटे के भीतर ही पांच किडनैपर गिरफ्तार

**हिसार।** डोगरान मोहल्ला पुलिस चौकी ने एक व्यक्ति का अपहरण करने व उसके साथ मारपीट करने के आरोप में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुरानी सब्जी मंडी चौक क्षेत्र से पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई वरना गाड़ी भी बरामद कर ली है। आरोपी में मुख्य आरोपी आजाद नगर निवासी टिंकू उर्फ काकू, भारत नगर का दीपक, मोनी डांगल, शांति नगर का रवि उर्फ बोदी, सेक्टर 13 का गाड़ी चालक भाविक गांधी शामिल है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मात्र 10 घंटे में वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ लिया। चौकी प्रभारी एएसआई सुभाष ने बताया कि जवाहर नगर के रवि ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि करीब 7-8 दिन पहले उसने अपने परिचित संदीप के माध्यम से आरोपी टिंकू उर्फ काकू के लिए 15,000 रुपये का फाइनेंस करवाया था। इस लेनदेन में 5,000 रुपये बकाया थे, जिसके लिए रवि ने गारंटर की भूमिका निभाई थी। गत दिवस 20 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे, जब रवि पुरानी सब्जी मंडी चौक पर खड़ा था, तब एक वरना गाड़ी में सवार होकर पांच युवक वहां आए। आरोपियों ने रवि के साथ मारपीट की और उसे जबरदस्ती गाड़ी की पिछली सीट पर डालकर अपहरण कर लिया। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर संदीप के घर की ओर ले गए, जहां मौका पाकर रवि वहां से भागने में सफल रहा। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सब्जी मंडी फ्लाईओवर क्षेत्र से घेराबंदी कर आरोपी में मुख्य आरोपी आजाद नगर निवासी टिंकू उर्फ काकू, भारत नगर का दीपक, मोनी डांगल, शांति नगर का रवि उर्फ बोदी, सेक्टर 13 का गाड़ी चालक भाविक गांधी को काबू कर लिया और वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी भी बरामद कर ली।

**विरोध** — अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# रिटायर्ड कर्मियों ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्ज फैडरेशन के आह्वान पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर तथा राज्य व केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में मंगलवार जिला उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोहर लाल जाखड़ ने की व संचालन जिला सचिव नरेश कुमार गौतम ने किया। बाद में अपनी मांगों के समर्थन में सीएम के नाम डीसी ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य उपप्रधान निर्मला देवी ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार पूर्व में प्राप्त उनके अधिकारों को एक-एक करके समाप्त कर रही है। कभी आठवें वेतन आयोग के लाभ को रिटायर कर्मचारियों पर लागू न करना तो कभी पुरानी पेंशन स्कीम समाप्त करके यूनाइटिड पेंशन स्कीम लागू करने का प्रयास व धीरे-धीरे पेंशन से हाथ धोने पर मजबूर करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी एलटीसी को वही पुराने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली स्कीम को लागू करने का आदेश, कोई केशलेस मेडिकल सुविधा नहीं देकर संगठनों को कमजोर करने वाले श्रम कानून लागू कर सरकार कर्मचारियों की एकता को तोड़ना चाहती है। प्रदर्शन को रमेश आहुजा, जगदीश चंद्र बिश्नोई, मा. जयबीर सिंह, ओमप्रकाश झाझड़िया, नानक देव रानोलिया, श्योचंद राम घोड़ेला, अशोक सैनी, अशोक अठवाल, प्रदीप जांगड़ा, सूबेसिंह, जयसिंह, मा. जसवंत सिंह आदि ने संबोधित किया।



हिसार। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के रोष प्रदर्शन में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी।

### हांसी में पीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ने मंगलवार को जिला सचिवालय में दो घंटे तक सांकेतिक रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त प्रतिनिधि तहसीलदार अनिल बिढान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से ब्लाक प्रधान तुलसीदास आर्य और नारनौंद ब्लाक प्रधान मास्टर रामस्वरूप ने की प्रदर्शन के दौरान मंच का संचालन ब्लॉक सचिव कपूर सिंह बामल ने किया। इस अवसर रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उप-प्रधान ओमप्रकाश व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए प्रदर्शन करना पड़ रहा है। इस अवसर पर बलवान दलाल, राजुकमार जेई, चंदन सिंह, रोहतास शर्मा, सुमेर यादव, मदनलाल, लीलूराम फौजी, मास्टर सुनील दत्त, सुमेर यादव, भीम सिंह वधवा, ओमप्रकाश मुंजाल, भरत सिंह बागोरिया, फतेह सिंह गुजर, हर भगवान छाबड़ा, मास्टर शिवकुमार ढाणी कुम्हारान, कृष्ण सोलंकी जेई व सुभाष ड्राईवर सहित काफी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्म ऋतु के चलते कार्यालयों व अनाज मंडियों में रखें पर्याप्त स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था : डीसी

**हांसी।** मौसम में लगातार बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त राहुल नरवाल ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने कार्यालयों में आमजन के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और पेयजल की उचित व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेवारी है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। पानी के कूलर, टंकियों व अन्य स्रोतों की नियमित सफाई कराई जाए। उन्होंने अनाज मंडी के अधिकारियों को भी किसानों व मजदूरों के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



### श्री श्याम मंदिर का स्थापना उत्सव मनाया

**हिसार।** सेक्टर 16- 17 श्री श्याम मंदिर के पंचम स्थापना उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर सुबह ही भक्तों की दर्शनों के लिए लंबी कतारें लग गई। दोपहर बाद खाटू धाम से पधारे निज मंदिर सेवक मोहन दास महाराज ने श्री श्याम प्रभु को स्नान-तिलक, सिंगार एवम पूजा अर्चना कर आरती वंदन की। भट्टू मंडी मंडल द्वारा ताली कीर्तन का आयोजन किया। कीर्तन में भक्त झूमने लगे। सँध्यां आरती पश्चात भक्तों में प्रसाद वितारित किया गया। इससे पूर्व बेंगलुरु से आई विशेष फूलों से मंदिर मे स्थापित सभी भगवानों का श्रृंगार किया गया। भव्य रंगबिरंगी छटा बिखेरती लाइटिंग एवं विभिन्न फूलों से मंदिर प्रांगण को सजाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान दिनेश बिंदल, विनोद अग्रवाल, त्रिलोक बंसल, रमेश मित्तल, आशीष जैन, सुभाष सैनी, दीपक मित्तल राजकुमार जैन, लक्ष्मी मित्तल, अजय जैन, अमित जैन, सतीश बंसल एवं बड़ी संख्या मे भक्तजन मौजूद रहे।

### ट्रस्ट के चुनाव के लिए आम सभा 3 मई को

**हिसार।** सावित्री मक्खनलाल जनकल्याण ट्रस्ट की महत्वपूर्ण आम सभा 3 मई को माता सावित्री शक्तिधाम, रिसालूखेड़ा (अग्रोहा) जिला हिसार में आयोजित की जाएगी। इस सभा का मुख्य उद्देश्य ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन करना तथा सभी सदस्यों एवं समाज के बन्धुओं के सुझाव लेकर आपसी सहमति (आम राय) से निर्णय लेना है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के संरक्षक वेद प्रकाश सोनी एवं आम राय बनाने के लिए गठित कमेटी के सदस्य एडवोकेट नरेश सोनी तूणगर व कार्यकारिणी के पूर्व प्रधान महेन्द्र सोनी छपरवाल ने बताया कि 3 मई को आयोजित होने वाली आम सभा में सभी उपस्थित जनों के विचार एवं सुझावों को महत्व देते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का प्रयास है कि यह गठन आपसी सहमति से हो ताकि किसी भी प्रकार के वाद-विवाद अथवा मतदान की स्थिति से बचा जा सके और संगठन में एकता एवं सौहार्द बना रहे।

### पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के विस्तार के लिए लिखा पत्र

**हिसार।** हनुमान मंदिर बुधला संत सभा, ऋषि नगर की ओर से विधायक सावित्री जिंदल व सांसद नवीन जिंदल की मार्फत केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर रेलगाड़ी संख्या 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार करवाने का अनुरोध किया गया है। मंदिर सभा की ओर से भेजे गए पत्र में महासचिव सुभाष टीनू आहुजा ने कहा है कि वर्तमान में उक्त गाड़ी जगन्नाथ पुरी से आनंद विहार टर्मिनल तक संचालित होती है, जहां यह गाड़ी प्रातः 3:50 बजे पहुंचती है तथा अगले दिन रात्रि 22:45 बजे पुनः प्रस्थान करती है। इस प्रकार लगभग 19 घंटे तक गाड़ी वहां रुकती है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की सुविधा के लिए इस गाड़ी का आसानी से हिसार तक विस्तार किया जा सकता है। पत्र में सुभाष टीनू आहुजा ने कहा है कि यह गाड़ी प्रयागराज, विंध्यांचल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, गयाजी, पावापुरी, पारसनाथ भुवनेश्वर एवं जगन्नाथ पुरी जैसे देश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ती है।





### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बांटीं एल्बेंडाजोल की गोलियां

**नारनौंद।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कस्बे के नागरिक अस्पताल में जागरूकता कैंप लगाकर एल्बेंडाजोल की गोली बांटी गई। कैंप में सैकड़ो बच्चों को मौके पर गोली खिलाई गई। डॉ. देवेंद्र तिगड़ानिया ने बताया कि आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष में नारनौंद के नागरिक अस्पताल के प्रांगण में कैंप लगाया गया है। इसके लिए पहले मुनादी भी करवाई गई थी कैंप में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे वह उनके अभिभावक पहुंचे हैं। सभी को मौके पर एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई है। जीरो से दो वर्ष के बच्चे को आधी गोली ओर दो से 19 साल के बच्चों को पूरी गोली खिलाई गई है। यह गोली बच्चों के पेट में कीड़े होने पर दी जाती हैं। इसलिए हमें छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए उन्हें खुले में रखा हुआ खाना नहीं खिलाना चाहिए। इस अवसर पर एमपीएचडब्लू संजय खटक, एएनएम राजबाला, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे।

### अखिल भारतीय सेवा संघ का प्रांतीय अधिवेशन 26 को

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ का 10वां प्रांतीय अधिवेशन 26 अप्रैल को बरवाला में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इन्द्र गोयल करेंगे तथा संस्थापक विनोद धवन मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय महासचिव एवं संस्था के संस्थापक विनोद धवन ने बताया कि अधिवेशन में विभिन्न शहरों की शाखाओं के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे तथा अपने-अपने शहर में किए गए सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस अधिवेशन में हरियाणा प्रान्त की नई कार्यकारिणी को शपथ भी दिलाई जाएगी। शाखा बरवाला के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विक्की रहेजा ने बताया कि कार्यक्रम में दादरी के उपायुक्त मुनीश नागपाल, बरवाला नगरपालिका के अध्यक्ष रमेश सरदाना, उपाध्यक्ष ताराचंद नलवा, प्रवीण सैनी, आयुष शर्मा, रोशन घनघस आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहंगे।

### नशा मुक्ति टीम ने 5 नशा पीड़ितों का शुरू कराया इलाज

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में नशामुक्ति टीम द्वारा थाना एचटीएम क्षेत्र की विश्वकर्मा कॉलोनी, गवर्नमेंट कॉलोनी, न्यू जवाहर नगर के 5 नशा पीड़ति लोगों की पहचान की है। जो नशे की लत से प्रभावित है। इन नशा पीड़तिं को सरकारी अस्पताल से डॉ. प्रशान्त से काउंसलिंग करवाकर दवाई दिलवाई गई। लोगों को नशा से होने वाली सामाजिक आर्थिक और मानसिक नुकसान के बारे में बताया गया। टीम प्रभारी उप निरीक्षक हवा सिंह ने बताया कि पीड़ति लोगों में अधिकतर युवा है व ज्यादातर चिट्टा व गोलियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि नशे की लत बीमारी है व इसका ईलाज सम्भव है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने टीम के कार्यों की प्रशंसा की।

### एसपी ने किया जींद रोड नाका का औचक निरीक्षण

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को जींद रोड़ स्थित नाके का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान मौके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, नाकाबंदी व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने नाके पर वाहनों की जांच प्रक्रिया, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान, दस्तावेजों की जांच तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस जवानों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान पूरी मुस्तैदी, सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखें। एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि नाकाबंदी अपराध नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए प्रत्येक संदिग्ध वाहन की गहनता से जांच की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।



### एसपी ने दिए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा जिला के सभी मुशी व थाना मोहररों थाना मोहररों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य थाना स्तर पर रिकॉर्ड प्रबंधन, लंबित मामलों की समीक्षा तथा कार्यप्रणाली में सुधार लाना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी मोहररों को निर्देश दिए कि वे थाना रिकॉर्ड को अपडेट व सुव्यवस्थित रखें तथा मुकदमों से संबंधित दस्तावेजों को समय पर पूर्ण करें। इसके अलावा, लंबित मुकदमों की समीक्षा करते हुए उन्हें शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का पहला परिपत्र जारी

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय ने दो दिवसीय अअंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का पहला परिपत्र जारी किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि समकालीन विश्व में परस्पर जुड़े पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यह सम्मेलन भूगोल विभाग द्वारा पंजाब भूगोलवेत्ताओं के संघ के सहयोग से 9-10 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर आयोजन सचिव डॉ. आदित्य, डॉ. संगीता, डॉ. छवि मंगला और मनजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत समारोह आज

**हिसार।** वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा 22 अप्रैल को देवी भवन के गोयनका सदन में आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वनवासी कल्याण आश्रम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू सिंगल, प्रदेश सचिव सीए रामनिवास अग्रवाल व जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने बताया कि इस आयोजन के लिए गोयनका सदन को विशेष रूप से सजाया गया है। शाम को शुरू होने वाले इस समारोह में पूर्वोत्तर की छात्राएं वनवासी संस्कृति से परिचय करवाएंगी। इस दौरान वनवासी नृत्य भी पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे।

### बाबा भैरव धाम में माता रानी का जागरण कल

**हिसार।** जनकल्याण के निमित आयोजित किए जाने वाले विशाल माता रानी के जागरण व देवी यज्ञ की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। गांव दुर्जनपुर स्थित बाबा भैरव धाम में ह्यूमन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में 23 व 24 अप्रैल को होने वाले विशाल माता रानी के जागरण व देवी यज्ञ की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आयोजन को लेकर बाबा भैरव धाम में एक बैठक का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सीताराम शास्त्री ने बताया कि 23 अप्रैल को सायंकाल माता रानी का विशाल जागरण शुरू होगा, जो प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा और 24 अप्रैल को विश्व शांति व मानव कल्याण के लिए देवी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### केंद्र सरकार बना रही बहाना : संतोष जून

**हिसार।** महिला कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतोष जून ने कहा कि लोकसभा की वर्तमान 543 सीटों पर महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जा सकता है, लेकिन केंद्र सरकार इसे 850 सीटों तक बढ़ाने और परिसीमन से जोड़कर लागू करने की बात कर रही है। यह पूरी तरह से एक बहाना है, जिसके जरिए महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर इस विषय को तकनीकी प्रक्रियाओं में उलझाकर देरी कर रही है, जबकि अगर नीयत साफ हो तो इसे तुरंत लागू किया जा सकता है। इस अवसर पर गीता आहूजा, कमलेश रॉय, सरोज श्योराण, निर्मला, कांता सैनी, रणधीर सिंह बामल, चंद्र भान काजला, नरेंद्र पुनिया एवं शांति देवी आदि मौजूद थी।

### जिन्दल अस्पताल में मॉक ड्रिल

**हिसार।** आग आपदा सुरक्षा सप्ताह के तहत आपदा प्रबंधन विभाग ने जिन्दल अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन कर अस्पताल के स्टाफ एवं लोगों को विभिन्न आग आपदा से निपटने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर अग्निशामक यंत्रो के बारे में जानकारी दी गई और अग्निशामक यंत्र को संचालित करने के तरीके के साथ स्वयं को सुरक्षित रखते हुए आग पर काबू पाने की तकनीक समझाई गई। इसके साथ ही परिसर में मॉक ड्रिल कर आग से बचने व इससे निपटने के तौर तरीके भी बताए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन गंभीर

# हांसी बस स्टैंड की समस्याओं का त्वरित समाधान करें अफसर: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

बस स्टैंड पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस उद्देश्य को लेकर जिला सचिवालय परिसर में उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपायुक्त राहुल नरवाल ने बस स्टैंड से संबंधित प्राप्त हो रही शिकायतों की एक-एक कर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें।

उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर स्वच्छता, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बस स्टैंड के मुख्य गेट के निकट बने गड्ढों को शीघ्र ठीक करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बंदरों की समस्या पर भी संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और यातायात प्रबंधन को दुरुस्त रखा जाए। बैठक में रोडवेज महाप्रबंधक राहुल मित्तल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हांसी। परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करते डीसी राहुल नरवाल व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग करते एडीसी लक्षित सरीन।

## जलभराव के क्षेत्रों को चिह्नित कर जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था की जाए सुनिश्चितः एडीसी

- डीएमसी की अध्यक्षता में जिला सचिवालय परिसर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी बरसात के मौसम के मद्देनजर शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में शहर के किसी भी हिस्से में जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग समय रहते आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें तथा बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने नगर परिषद ईओ राजेंद्र सोनी को निर्देश दिए कि 40 एचपी के दो मोटर पंप 30 अप्रैल तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि जल निकासी व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां-जहां भी सीवरेज की नालियों का पानी जाता है, वहां 30 अप्रैल तक सभी मेनहॉल पर जालियां लगाई जाएं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सभी नहरों की समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शहर के तिकोना पार्क, समाधा रोड, मंडी क्षेत्र तथा सेक्टर-6 में प्रतिदिन बेकट मशीन के माध्यम से सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए, ताकि जल निकासी सुचारू रूप से हो सके।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दौरान नहरों का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे विशेषकर बच्चों के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए दिल्ली रोड पुल, भिवानी रोड पुल, तोशाम रोड पुल, ढाणी राजू रोड तथा उमरा रोड पुल पर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। इस अवसर पर नगर परिषद के ईओ राजेंद्र सोनी, एमई जयवीर सिंह, सिंचाई विभाग के अभियंता विनोद वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। स्व गणना पोर्टल के बारे में जानकारी देते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

## स्व-गणना के तहत अपना विवरण स्वयं दर्ज करें अफसर व कर्मी : प्रो. काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय के समिति कक्ष मे एक बैठक का आयोजन किया जिसमें कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने स्व-गणना के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों को अपना पूर्ण विवरण स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं दर्ज के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना किसी भी देश के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। इसके बिना सही योजना बनाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग संभव नहीं है। यह कदम डिजिटल इंडिया और सटीक जनगणना डेटा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जनगणना की प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक और जन-भागीदारी को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। जनगणना के इस महाअभियान को गति देने के लिए स्व-गणना पोर्टल के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वयं अपना डेटा ऑनलाइन दर्ज करने हेतु प्रेरित करना भी है। बैठक में जनगणना 2027 के केन्द्रीय प्रयवेक्षक सचिन गर्ग तथा नगर निगम, हिसार से नवीन सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फर्स्ट एड का ज्ञान सबके लिए जरूरी

- गुजवि में प्राथमिक चिकित्सा व आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि गुजवि का उद्देश्य ऐसे संस्कारवान व नैतिक युवाओं को तैयार करना है जो समाज को साथ लेकर चलें तथा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दे सकें। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय की युवा रेड क्रॉस इकाई (वाईआरसी) के सौजन्य से प्राथमिक चिकित्सा तथा आपदा प्रबंधन विषय पर शुरू हुई एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुई इस कार्यशाला की अध्यक्षता वाईआरसी के समन्वयक डा. महाबीर प्रसाद ने की। प्रो. बिश्नोई ने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। सही समय पर मिली प्राथमिक चिकित्सा किसी के जीवन को बदल सकती है। रेड क्रॉस संस्थाएं दुनिया भर में मानवता की मिसाल हैं। कार्यशाला में रेड क्रॉस के राज्य प्रशिक्षण अधिकारी सेवानिवृत आरपी सैनी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विनोद कुमारी, फील्ड कोर्डिनेटर डा. सुरेन्द्र श्योराण तथा अन्य प्रशिक्षकों व संयोजकों द्वारा प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए गए। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो सुमित्रा, डॉ सन्तोष हुड्डा, प्रो दलबीर, डॉ मंजु यादव, डॉ समृधी, डॉ साहिल, डॉ राकेश सिन्धु, डॉ. बिजेन्द्र दहिया, संतोष हुड्डा, अनुप्रभा, आभा, हिरामनी, प्रियंका, कोमल, अन्नू, दर्शना, अनसया, कोमल व विपिन आदि मौजूद रहे।



हिसार। कार्यशाला में सीपीआर का अभ्यास करते वीसी प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## सर्वोदय अस्पताल में रोबोटिक घुटना सर्जरी व कार्डियक एमआरआई से होगा सटीक इलाज

- सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारंभ



हिसार। नई स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी देते चिकित्सक।

**हिसार।** सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल में अब रोबोटिक घुटना सर्जरी और कार्डियक एमआरआई से सटीक इलाज होगा। मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में अस्पताल में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को शुभारंभ किया गया। अस्पताल के जोड़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत वर्मा ने बताया कि अब रोबोटिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण बेहद आसान और सटीक हो गया है। इस आधुनिक तकनीक से ऑपरेशन में 100 फीसद सटीकता आती है, जिससे मांसपेशियों को कम नुकसान पहुंचता है। मरीज को दर्द बहुत कम होता है और वह सर्जरी के कुछ ही घंटों बाद चलने में सक्षम हो जाता है। उधर, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. आस्था ने अस्पताल में उपलब्ध कार्डियक एमआरआई के बारे में बताया कि यह हृदय रोगों की पहचान के लिए आधुनिक मशीन है। यह दिल की मांसपेशियों की सजीव जांच करती है, जिससे किसी भी समस्या का शुरुआती स्तर पर ही सटीक पता लगाया जा सकता है। सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अविराज चौधरी ने बताया कि सर्वोदय अस्पताल पिछले 21 वर्षों से निरंतर अपनी सेवाएं दे रहा है हमारे यहां उच्च स्तरीय न्यूरो, कार्डियो, ऑर्थो पल्मो, सामान्य रोग, स्त्री रोग, दंत रोग, बाल रोग संबंधित चिकित्सकों की सेवाएं हर समय उपलब्ध है। इस अवसर पर लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. राजेंद्र सिहाग, अस्पताल के सीईओ जसपाल सिंह व डॉ. योगेश भी उपस्थित थे।



### आकाश इंस्टिट्यूट के ध्रुव बने सिटी टॉपर

**हिसार।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के छात्रों ने जेईई मेन्स में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ध्रुव ने 99.91 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉपर बनकर सभी बैचों में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम और उच्च स्तर की तैयारी को दर्शाया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 20 अप्रैल को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, आकाश इंस्टिट्यूट, हिसार के 18 छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हिसार ब्रांच के छात्रों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ शानदार परिणाम हासिल किए। ध्रुव ने 99.91 परसेंटाइल के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि सुजल चौधरी ने 99.88 परसेंटाइल हासिल किया। परमोड ने 99.60 परसेंटाइल, उदित जैन ने 99.46 परसेंटाइल प्राप्त किए। वहीं भावय और नवल सिंगल ने क्रमशः 99.26 और 99.07 परसेंटाइल हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आकाश के डिप्टी रीजनल डायरेक्टर विकास फूटेला ने कहा कि हिसार के छात्रों की सफलता उनकी मेहनत और आकाश के मजबूत शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है, जो हर स्तर पर छात्रों के विकास में सहायक है। उनकी लगन, निरंतर प्रयास और बेहतर करने की भावना ने इन शानदार परिणामों को संभव बनाया है।

### एफसी कॉलेज की छात्राओं ने किया लोगों को जागरूक

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में नगर निगम के सौजन्य से विद्यार्थियों ने शहर में जागरूकता अभियान चलाया। सहायक स्वच्छता निरीक्षक विजेता व सहयोगी हैल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर मेहुल शर्मा, दीपांशु, विशाल के सहयोग से मोहना मंडी, डीएन कॉलेज रोड, लोहा मंडी, ऋषि नगर, अग्रवाल कॉलोनी, धोबी घाट, जगजीवन नगर कॉलोनी, देवी भवन, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, कृष्णा मंडी में घर-घर जा लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग- अलग रखने व कचरे का उचित निस्तारण करने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

**खेल** सीनियर जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का समापन

# अजनू और अर्पित दौड़े सबसे तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

एथलेटिक्स हिसार की ओर से निकटवर्ती गांव बालक में सीनियर जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ओम प्रकाश भादू, मनोज कड़वासरा, हरपाल सरसाना, वीरेंद्र पीटीआई, जगदीप रेड्डू एवं सुखबीर कमांडो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। खेल मिडिया प्रभारी प्रदीप कनोह के अनुसार कार्यक्रम का समापन मदन शर्मा, देव रेड्डी, अनिल गुणपाल, मंदीप शर्मा, मोनू एवं अनुज शर्मा, सोनू, सोमवीर, साहिल, अक्षय, धर्मेंद्र पवार, अजीत सिवानी के द्वारा किया गया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अजनू ने प्रथम, हीना ने द्वितीय तथा सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में निशु प्रथम, अंजू द्वितीय तथा हीना तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर में मनीषा प्रथम, मुस्कान द्वितीय और पायल तृतीय स्थान पर रही। 5000 मीटर दौड़ में साक्षी ने प्रथम, सुनिधि ने द्वितीय तथा रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फील्ड इवेंट्स के हैमर थ्रो में मीनाक्षी प्रथम, कोमल द्वितीय और सोनिका तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक प्रतियोगिता में हिमानी ने प्रथम तथा शबनम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अर्पित ने प्रथम, सहजनूर ने द्वितीय और कमलदीप ने तृतीय स्थान हासिल किया। 200 मीटर में आकाश प्रथम, योगेश द्वितीय तथा रवि तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में अनुज प्रथम, मयंक द्वितीय और राकेश तृतीय स्थान पर रहे। 5000 मीटर दौड़ में संदीप ने प्रथम, अजय ने द्वितीय और विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



हिसार। मुख्य अतिथियों के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी।

### लॉन्ग जंप में नैतिक प्रथम

फील्ड इवेंट्स के लॉन्ग जंप में नैतिक प्रथम, शेखर द्वितीय और अनूप तृतीय स्थान पर रहे। जेवलिन थ्रो में अंकुश प्रथम, नवनीत द्वितीय तथा साहिल तृतीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में योगेश ने प्रथम, हेमंत ने द्वितीय और विशाल ने तृतीय, रिंकू तिहरी कूद में पहला स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी



### गुरुद्वारा मॉडल टाउन में श्रद्धा से मनाई बैसाखी

**हिसार।** गुरुद्वारा श्रीसिंह सभा मॉडल टाउन में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सजाए गए दीवान में कथावाचक अमरजीत सिंह भोला ने खालसा साजना दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने खालसा प्रगट कर उसे समय की छुआछूत भेदभाव जाति पाति आदि सामाजिक बुराइयों को जड़ से ही मिटा दिया। उन्होंने बताया कि पांच पियारे जो अपना बलिदान देने के लिए तैयार हुए उनमें भाई दया सिंह, भाई धर्म सिंह, भाई हिम्मत सिंह, भाई मोकम सिंह, भाई साहब सिंह देश के विभिन्न हिस्सों से आए थे।
उन्होंने बताया कि गुरु ने जो खालसा फौज बनाई थी वह किसी पर कब्जा करने के लिए नहीं बल्कि धर्म की स्थापना के लिए ही बनाई थी। इस अवसर पर लोकल जथे, बच्चों के जथे और गुरुद्वारा साहब के हेड ग्रंथी भाई राजवीर सिंह ने भी शपथ ग्रहण कर संगत को गुरबाणी से जोड़ा। इस अवसर पर सरबत के भले के लिए अरदास की गई। गुरुद्वारा सिंह सभा के सचिव सरदार दातार सिंह ने समूह संगत को बैसाखी की बधाई दी। सभा के प्रधान सरदार दलजिंदर सिंह ने सेवादारों को सरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप प्रधान संदीप सिंह पिन्ना, खजांची जीत सिंह, मेम्बर तेज सिंह, सिंह सभा नागोरी गेट के प्रधान करमजीत सिंह जसविंदर सिंह, अमितजीत सिंह, तेजिंदर सिंह, संतोष सिंह भोगल, दलजीत सिंह आदि उपस्थित थे।



### भक्ति-शक्ति के प्रतीक थे भगत धन्ना जाट : गायत्री देवी

**हांसी।** भगत धन्ना जाट सेवा समिति द्वारा सोमवार को संत भगत धन्ना जी की 612वीं जयंती भव्य सत्संग के साथ हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर उनकी वाणियों का गायन किया गया तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। समिति अध्यक्ष गायत्री देवी ने कहा कि भगत धन्ना जी भक्ति और शक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों और किसानों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे स्वयं भूखे रहकर भी दूसरों को भोजन कराते थे। भक्तिकाल के महान संत व कवि भगत धन्ना जी की वाणी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित है। अपनी अनन्य भक्ति से उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जोगिंद्र सिंह पातड़, कृष्ण, योगेश, बलजीत, कमलदीप, राममेहर, दलीप सिंह, मनोज कुमार, सुनीत कुमार, सतीश, सुरेश, विजय, सूरज, दुर्गा, अंजना, कृष्णा, रेनू, मंजू, विद्या देवी, सुनीता, कौशल्या, सुनीता देवी, मंजू देवी आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।



### जाट कॉलेज ने लिया ब्लड सैंपल का व्यावहारिक ज्ञान

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपने पाठ्यक्रम के अंतर्गत जैव प्रौद्योगिकी विषय की प्रायोगिक जानकारी के लिए मार्वल पैथ लैब का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि लैब में विद्यार्थियों को एबीओ ब्लड ग्रुपिंग एवं आरएच टाइपिंग, टीएलसी, डीएलसी तथा विडाल टेस्ट की प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। विशेषज्ञों ने प्रत्येक जांच का महत्व, सैम्पल संग्रहण की विधि तथा रिपोर्ट विश्लेषण के बारे में विस्तार से बताया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होता है, जो उनके कौशल विकास और भविष्य के शोध कार्यों में सहायक सिद्ध होगा। इस भ्रमण की प्रभारी प्राध्यापिका डॉ. रितु सिंह रही।

### महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में स्किल हब का अनावरण



**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मंगलवार को नवनिर्मित स्किल हब के अनावरण के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ अक्षय कुमार और संजीव मितला (डायरेक्टर, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड) विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑनलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश बंसल, सत्यनारायण, रविंद्र सिवाच मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की परंपरा अनुसार दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्किल हब की स्थापना से क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल प्राप्त करने का सशक्त मंच मिलेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इस अवसर पर छात्राओं ने आकर्षक वेशभूषा में भव्य फैशन वॉक प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के अंत में महाविद्यालय के चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, स्कूल प्रबंधक डॉ. अजीज प्रधान, महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल की प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा आदि मौजूद थे।



### ओलिंपियाड परीक्षाओं में 102 विद्यार्थियों ने जीते पदक

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित विभिन्न ओलिंपियाड परीक्षाओं में स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 102 स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।
ओलिंपियाड कोऑर्डिनेटर डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने साइंस, मैथ, इंग्लिश, इन्फार्मेटिक्स और सामान्य ज्ञान (जी.के.) जैसे विषयों में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लिया। इन सभी विषयों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी कड़ी मेहनत और लगन का परिचय दिया।
विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर निहाल सिंह ने भी सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय प्रशासन ने सभी विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, ओलिंपियाड कोऑर्डिनेटर डॉ. विकास शर्मा तथा समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गई हैं।